Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 15-05-2007

Participants : Singh Shri Ganesh

>

Title: Need to provide Rs. 100 crore as a Central assistance to Madhya Pradesh to overcome acute shortage of drinking water in Satna and adjoining districts.

श्री गणेश सिंह (सतना) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बहुत महत्वपूर्ण बिन्दु की ओर भारत सरकार का ध्यान आकर्िात कराना चाहता हूं। देश के कई राज्यों में कम वर्ाा होने के कारण पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो चुका है। मध्य प्रदेश के लगभग 15 जिलों में भीाण पेयजल संकट है। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में कम वर्ाा होने के कारण भीाण पेयजल संकट उत्पन्न हो चुका है। सभी नदी, नाले, कुंए, ट्यूबवेल सूख चुके हैं, लगातार जलस्तर नीचे गिरता जा रहा है। राज्य सरकार की मदद से पानी परिवहन करके लोगों को पीने के लिए पानी दिया जा रहा है।

महोदय, सतना रेलवे स्टेशन में यात्रियों को पानी देने के लिए दो सौ किलोमीटर दूर जबलपुर से ट्रेन से पानी लाने की तैयारी चल रही है। मैंने इस सदन को पूर्व में भी इस बात से अवगत कराया था कि मध्य प्रदेश के कई जिलों में कम वर्ाा के कारण बड़ी तेज गति से जलस्तर नीचे गिरता जा रहा है। हमने जिन जिलों के लिए आशंका व्यक्त की थी, उन्हीं जिलों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो चुका है। जिन जिलों में रोजगार गारंटी योजना है, उन जिलों के लिए मैं भारत सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूं कि जो बड़े-बड़े तालाब हैं, उनका गहरीकरण मजदूरों से नहीं हो पा रहा है, उन जिलों को यदि विशो अनुमति मशीन लगाने की दे दी जाए तो भविय में वर्ाा के पानी का भंडारण किया जा सकता है और उसका लाभ उस जिले के लोगों को मिल सकता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मध्य प्रदेश में भीाण पेयजल संकट को देखते हुए राज्य सरकार की कम से कम सौ करोड़ की मदद केन्द्र सरकार से करने की मांग करता हूं।